**Vasundhara Welfare Foundation**
**Address - Behind Shri Ram Mandir, Yadav Mohalla, Kasba, Sehore, District Sehore - 466001, M.P.**

## वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन वर्ष 2019 - 20

संस्था स्थापना (वर्ष 2015) से ही लगातार सेवा कार्यो का संचालन कर रही है, संस्था द्वारा जनहित मे सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुये बिना किसी शासकीय मद के विवरण अनुसार कार्य किया जा रहा है | शासकीय संस्था के रूप में पंजीकृत एवं विभिन्न विभागों से संबंध होकर सामाजिक क्षेत्र में कार्यरत है | ग्रामीण विकास स्वास्थ्य दिव्यांग एवं निशक्तजन कल्याण , स्वच्छता एवं नदी ,जल संवर्धन,जनजातीय संस्कृति प्रमुख विषय है जिनके अंतर्गत संस्था द्वारा विशेषज्ञों के मार्गदर्शन एवं स्वयंसेवकों के साथ मिलकर निरंतर कार्य किया जा रहा है जिसका वार्षिक प्रतिवेदन इस प्रकार है -

### वृक्षारोपण एवं पौधे वितरण कार्यक्रम :-

संस्था द्वारा 1100 पौधें शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीहोर को अन्य विद्यालय में वृक्षारोपण करने हेतु दिए गए । पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन हेतु संस्था वृक्षारोपण का कार्यक्रम चला रही है जिसमे पौधे फूल, ओषधि ,फलदार, छायादार जैसे आम ,जामुन ,अमरूद ,नीबू, पीपल, अशोक, आंवला, पपीता, आनर, सीशम, नीम, गुलमोहर और अन्य प्रकार के पौधे शामिल हैं। इस अवसर संस्था निर्देशक अर्जुन सिंह जी द्वारा विधलाय प्राचार्य आर के बांगरे, इको क्लब प्रभारी डा. देवेंद्र साहू, एन जी सी समन्वयक एवम् नोडल अधिकारी एस सी जैन, व्याख्याता एच एन वर्मा, ए के राठौर, शिक्षक रामवृक्ष, डॉ. दीपक बिसोरिया, डॉ.राजेंद्र देशमुख को पौधे सौपे गए । संस्था द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर वृक्षारोपण के साथ पर्यावरण के प्रति आम जन को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान भी प्रारम्भ किया गया उक्त अभियान 7 दिन चला | इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम, नगर को सुंदर व पर्यावरण को सुरक्षित बनाने के लिए वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया | सीहोर जिले मे लगातार पर्यावरण सुरक्षा को लेकर निरंतर कार्य किया जा रहा है यह बहुत अच्छी पहल है पोधों की देख रेख व पानी देने की ज़िम्मेदारी युवाओ को करना है वृक्षों की देख रेख की ज़िम्मेदारी युवा समिति के कार्यकर्ताओ को सोपी गई |









**Email –** contact@vasundharafoundation.org , info.vasundhara@yahoo.com
Web. www.vasundharafoundation.org **Mob -** 9425045303,9826648616

### विश्व हाथ धुलाई दिवस व स्वच्छता जागरूकता :-



संस्था द्वारा प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर संस्था के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक विधालय सीहोर में बच्चों को हाथ धुलवाकर वातावरण निर्माण व स्वछता के प्रति समझ विकसित कर विश्व हाथ धुलाई दिवस कार्यक्रम मनाया गया | विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण- एनीमिया रोग के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा स्वच्छता के विषय में जानकारी देते हुए बताया है। स्वच्छता के वजह से शरीर में बीमारी होने का खतरा कम रहता है। लोगों में अधिकतर बीमारी गंदगी के चलते होती है। इस दौरान डेंगू, मलेरिया जैसी घातक बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई।

### सेनिटेशन एवं हाईजीन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम :-

ग्रामीण एवं शहरी अंचल तथा झुग्गी बस्तियों में स्वच्छ पेयजल एवं सेनिटेशन, एवं हाईजीन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया |

### उपभोक्ता संरक्षण जाकरूकता कार्यक्रम :-



संस्था द्वारा उपभोक्त संरक्षण दिवस उपभोक्ता के अधिकार, महिला अधिकार के लिए सामाजिक जन चेतना पर उपभोक्ताओं को जागकरूक करने हेतु आम जन को उपभोक्ता कानूनों की जानकारी से अवगत करवाया गया |

### जागरूकता कार्यक्रम :-



संस्था द्वारा परिवारों में घरेलु हिंसा होने पर की जाने वाली विधिक प्रक्रीया की जानकारी सामाजिक बुराईयॉं जैसे जातिवाद, अस्पृष्यता, बालश्रामिक, लिंग असमानता, बाल यौन शोषण, दहेज प्रथा, किषोर अपराध, गरीबी, महिला शोषण, धुम्रपान निषेघ, नषामुक्ति, जनसंख्या वृद्वि, बालविवाह, लिंग भेद, रंग भेद, भेदभाव जैसे मुद्दे के अलावा जनसमुदाय से जुडे हर वह मुद्दे जो जन-जन को प्रभावित करते है, उनके प्रति जागरूकता लाने हेतु महिला स्व सहायता समूह , आंगनबाड़ी , स्कूल विधार्थियो को प्रदान की गई |

### नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम :-



संस्था द्वारा मद्य निषेध के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए जोर शोर से जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत की गई। सीहोर जिले के ग्राम पंचायतों व शहर वार्डों में नशा मुक्ति अभियान चलेगा। शिक्षा विभाग की ओर से इसमें खासी पहल की जा रही है। जागरूकता रथ पहुंचने पर पंचायतों में साक्षरता कर्मियों व शिक्षा सेवकों व तालीमी मरकज के स्वयं सेवक लोगों को नशा नहीं करने तथा इससे होने वाली हानि के बारे में लोगों को बताया। लोगों को मद्य निषेध कानून की जानकारी भी दी गई।